रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 10 MIDDLE

# अपना विजन व मिशन खुद बनाने से मिलेगी सफलता: कुलपति

## एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों का चौबीसवां दीक्षांत समारोह संपन्न

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों का 24वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2023-2024 में उत्तीर्ण 247 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए गए। मेधावी छात्रों को मेडल और चेक भी प्रदान किये गए।

श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के प्रेरणास्रोत स्व. राम मूर्ति की 115वीं जयंती पर शनिवार को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय ने श्रीमद्भगवत गीता के श्लोकों के माध्यम से छात्रों को जीवन की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर नरेश धृतराष्ट्र ने युद्ध आरंभ होने से पहले संजय से पूछा कि क्या युद्ध होगा। इस प्रश्न में संशय, डर और पक्षपात जैसी तीन भावनाएं छिपी हैं। आप जीवन में इन तीनों से दूर रहें। आपका विजन और मिशन साफ होना चाहिए। आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने योग की व्याख्या करते हुए कहा है कि कर्म में कुशलता ही योग है। इस दौरान वाइस प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र देवा ने आभार जताया। संचालन रुचि शाह ने किया। इस मौके पर आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, प्रो. श्यामल गुप्ता, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, प्रो. ओपी राय, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. आलोक खरे आदि रहे।




एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों का 24वां दीक्षांत समारोह मनाया गया।

### पढ़ना-सीखना जिंदगी भर का काम: अमिताभ

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि टाटा कंसल्टेंसी सर्विस लखनऊ के डिलीवरी सेंटर हेड अमिताभ तिवारी ने विद्यार्थियों को डिजिटलाइजेशन का फायदा उठाने की सलाह दी। उन्होंने स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि यूपी में बिजनेस तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में दिमाग को इंटरप्रिन्योरशिप के लिए ट्रेंड कीजिए और देश की तरक्की में अपना योगदान दीजिए।

### लगातार अपनी स्किल को इंप्रूव करें: कौशल

विशिष्ट अतिथि मैकफी इंक, बेंगलुरु के डायरेक्टर ऑफ डाटा इंजीनियरिंग कुशवाहा मनीष कौशल ने 25 वर्ष पहले एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में अपनी पढ़ाई को याद किया। उन्होंने स्किल पर लगातार काम करने की सलाह दी। कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। बदलाव को स्वीकारें। मनीष ने डेटा, डायरेक्शन, डिसीजन और डिजाइन के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए।

### विद्यार्थियों को बांटे गए 11.33 लाख के चेक

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रस्ट ने अपने सभी शैक्षिक संस्थानों में हर कोर्स के एक विद्यार्थी की ट्यूशन फीस माफ करने का फैसला किया था। इसी योजना के तहत विद्यार्थियों को पहले इंस्टॉलमेंट के चेक वितरित किए गए। दिव्या, अनमोल मिश्रा, मान्या मित्तल, शिवम गंगवार, अंकिता, प्रियांशु राज, ख्याति और सिमरनजीत कौर को कुल 11.33 लाख के चेक बांटे गए।

### मेधावियों को मेडल के साथ मिले चेक

सीईटी के प्रियांक गुप्ता और सीईटीआर की दीक्षा पटेल को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल के साथ 51-51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। खेलों में सर्वश्रेष्ठ रहने पर सीईटी की काजल पांडेय और सीईटीआर की अर्चना मिश्रा को विशेष पुरस्कार मिला। इससे पहले प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने महाविद्यालयों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।